




## एक नजर में

### कोर्ट परिसर में किया फलदार पौधों का रोपण



**भीकनगांव।** लायंस क्लब भीकनगांव के द्वारा आज न्यायालय परिसर में अधिवक्तओं के साथ मिलकर बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया। मुख्यरूप से नीम, पीपल, जामुन, अशोक, गुलमोहर , जाम, शहतूत इत्यादि के पौधे लगाए गए। इस दौरान लायंस क्लब अध्यक्ष पवन चौबे, लायन अरविंद जैन ,सचिन लायन हिमांशु अत्रे, अधिवक्ता पवन लववंशी, वसंत गुप्ता, अंकित मालीवाल ,राहुल बोरयाले,जयपाल सागर , विकास व अन्य अधिवक्ताओं ने वृक्षारोपण में भाग लिया। वृक्षारोपण के पश्चात लायंस क्लब द्वारा स्वल्पाहार का आयोजन किया गया ।लायन अरविंद जैन ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया ।

### बोहरा समाज ने मनाया मिलाद-ए-नबी...

**सनावद ।** मिलाद-ए-नबी के अवसर पर बोहरा समाज ने एक बार फिर अपनी अनूठी परंपरा का परिचय दिया। समाज के धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में राजनीतिक एजेंडा, प्रचार या किसी नेता-बाहुबली के बैनर-पोस्टर जैसी चीजों का कोई स्थान नहीं होता। त्योहार हो या जुलूस, बोहरा समुदाय का मुख्य उद्देश्य अपनी संस्कृति को दिल से जीना और मोहब्बत, शांति तथा देशभक्ति का संदेश देना होता है। सभी आयोजनों में समाज के सदस्यों की व्यापक सहभागिता देखने को मिलती है। गौरतलब है कि इन कार्यक्रमों या जुलूसों के दौरान कभी भी यातायात व्यवस्था, स्वच्छता या कानून-व्यवस्था से जुड़ा कोई उल्लंघन नहीं होता। समुदाय की यह अनुशासित और शांतिपूर्ण शैली लंबे समय से चर्चा का विषय बनी हुई है।



### युवा वर्ग करे किताबों से दोस्ती : जस्टिस यादव

**खरगोन।** तहसील विधिक सेवा समिति ने सशक्त युवा, सशक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। जिला न्यायाधीश राजकुमार यादव ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की ऊर्जा देश की सबसे बड़ी ताकत है। यदि इस ऊर्जा को सही दिशा मिले तो युवा इतिहास रच सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किताबों से दोस्ती करो, कल दुनिया तुमसे दोस्ती करेगी। छात्रों को विद्यार्थी जीवन से ही कानून के सामान्य प्रावधानों की जानकारी होनी चाहिएए जिससे वे आपराधिक गतिविधियों में शामिल न हों और अपना भविष्य सुरक्षित रख सकें। न्यायाधीश कमलेश वरवनिया ने बच्चों को साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने तथा ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों पर अपने विचार व्यक्त किए। पैरालीगल वालेंटियर मर्शरफ खान ने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम और मोटर दुर्घटना अधिनियम के सामान्य प्रावधानों की जानकारी दी। शिविर में विद्यालय प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं पैरालीगल वालेंटियर क्षमा मिश्रा व राजेश राठौर उपस्थित रहे।

# अस्पताल में पेड़ों की कटाई से स्वच्छता तक सवालों के घेरे में स्वास्थ्य विभाग

**नवभारत न्यूज**
**भीकनगांव।** मध्यप्रदेश सरकार जहां 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है, वहीं भीकनगांव के शासकीय अस्पताल परिसर में वर्षों पुराने हरे-भरे पेड़ों की कटाई का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। पेड़ों की कटाई के साथ अस्पताल की स्वच्छता, रोगी कल्याण समिति, महिला वार्ड में पानी के रिसाव और रात की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार अस्पताल परिसर में दिनदहाड़े कटर मशीन से हरे पेड़ काटे गए। बताया जा रहा है कि कटाई सरकारी अवकाश के दिन हुई। सूचना मिलने पर प्रशासन ने मौके का निरीक्षण कर पंचनामा बनाया। अब सवाल है कि पेड़ काटने की अनुमति किस विभाग से ली गई थी और कितने पेड़ों की कटाई स्वीकृत थी? यदि अनुमति नहीं थी तो शासकीय परिसर में कटाई किसके निर्देश पर हुई? भीकनगांव पटवारी दीपक वर्मा ने बताया कि मौके पर पंचनामा बनाया गया है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पंचनामा बनने के बाद भी अब तक जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई है। पंचनामा की प्रति मांगने पर आवेदन देने की बात कही गई।



अस्पताल में रोगी कल्याण समिति के कार्यों और खर्चों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि समिति के माध्यम से होने वाले कार्यों और खर्च की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती। इसी तरह स्वच्छता के नाम पर खर्च होने वाली राशि के बावजूद अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं। लोगों ने स्वच्छता मद में हुए खर्च और जिम्मेदार एजेंसी की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। अस्पताल में दिन के समय सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था होने की बात कही जाती है, लेकिन रात में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने की शिकायतें सामने आई हैं। अस्पताल में रात के समय महिला मरीज, नवजात और उनके परिजन मौजूद रहते हैं, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लापरवाही गंभीर विषय है।

**बीएमओ बोले — छुट्टी पर था**


मामले को लेकर बीएमओ से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वे छुट्टी पर थे। ऐसे में सवाल है कि उनकी अनुपस्थिति में पेड़ों की कटाई किसकी जानकारी और अनुमति से हुई तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं की निगरानी किस अधिकारी की जिम्मेदारी थी? नगरवासियों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि जांच में पेड़ों की संख्या, कटाई की अनुमति, लकड़ी के निस्तारण, रोगी कल्याण समिति के खर्च, स्वच्छता भुगतान, महिला वार्ड के रिसाव और रात की सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।

> **महिला वार्ड में पानी का रिसाव**
>
> महिला वार्ड में पानी के रिसाव की समस्या भी चिंता का विषय बनी हुई है। मरीजों और परिजनों को परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। लोगों ने अस्पताल प्रबंधन से समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

## महिष्मति बोल बम कावड़ यात्रा का किया स्वागत

**सनावद।** समीपस्थ ग्राम थापना में सोमवार को विधायक राजकुमार मेव के नेतृत्व में निकाली गई महिष्मति बोल बम कावड़यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। समाजसेवी रंगीलाल वर्मा एवं साथियों ने विधायक और कावड़यात्रियों का पुष्पवर्षा कर आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक मेव ने कहा कि कावड़ यात्राएं हमारी समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का अंग हैं।

कावड़ यात्राओं के आयोजन से सामाजिक तानाबाना सशक्त होता है। विधायक मेव और कावड़ यात्रियों का मोरटक्का, नावघाटखेड़ी, कोठी और ओंकारेश्वर में भी ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। ओंकारेश्वर में विधायक मेव और साथी कावड़यात्रियों ने भगवान ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया तथा राष्ट्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र माले, पिंकी भाटिया, नीलेश वर्मा, सतीश इंगले, राजा चौरसिया, रॉयल वर्मा, राज वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित थे।



## शांति और समृद्धि के लिए निकाली नीलकंठ कावड़ यात्रा

**बेड़िया/सनावद।** विधायक सचिन बिरला के नेतृत्व में नीलकंठ कावड़ यात्रा बेड़िया से सोमवार को तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर पहुंची। नीलकंठ कावड़ यात्रा बेड़िया के बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर से पूजन अर्चन के उपरांत रविवार को रात्रि 8.30 बजे ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुई और प्रात: 8 बजे ओंकारेश्वर पहुंची।

विधायक और कावड़यात्रियों का चितावद, सताजना, बड़ूद, सनावद, इनपुन, कोठी एवं ओंकारेश्वर में ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। ओंकारेश्वर में विधायक और साथी कावड़यात्रियों ने ज्योतिर्लिंग ममलेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया और राष्ट्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात कुबेर भंडारी मंदिर में पूजन अर्चन किया गया और महाप्रसादी वितरण किया । नीलकंठ कावड़ यात्रा का यह 13 वां वर्ष है। इस दौरान लक्ष्मीनारायण पटेल, मानसिंह राठौर, लक्ष्मण काग, खुमानसिंह जाट, महेश गुर्जर, नरहरी दांगी, दिलीप पटेल, गोविंद बिरला, नरेंद्रसिंह पंवार, राजेंद्र नामदेव, अंतिम सोहनेर, नरेंद्र गावशिंदे, अर्जुन केवट, विक्रांत कोठारी, अनोकचंद मंडलोई, मोहित यादव, शुभम शर्मा, श्याम ठाकुर, मनोज जैन, नीलेश जायसवाल, अजय राठौर, कमल जैन, राजू



## त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

**गोगावां।** तहसील मुख्यालय पर आगामी आने वाले त्यौहारो ईद मिलानदुनबी एवम शिवडोला पर्वो को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यो के साथ स्थानीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में तहसीलदार हुकूमसिंह निगवाल नायब तहसीलदार योगेश खेड़े थाना प्रभारी दीपक यादव मौजूद थे।

बैठक में अधिकारियों ने दोनो पर्वो को लेकर नगर में निकलने वाले चल समारोहों के बारे में सदस्यों से विस्तार से चर्चा की वही इनके रूट एवम समय को लेकर भी दोनों समुदाय के प्रमुखों से जानकारी हासिल की गई। नगर में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई, वहीं अधिकारियों ने बैठक में दोनो समुदाय के सदस्यों से सांप्रदायिक सौहार्द व भाईचारे के साथ त्योहार मनाए जाने की बात भी कही गई उधर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र बजरंगपुर एवम घुघरियाखेड़ी में भी आगामी दिनों में निकलने वाले शिवडोला पर्व चल समारोह आयोजनों को लेकर भी इनके सदस्यों से चर्चा हुई इस बैठक में अन्य किसी भी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति नही होना भी चर्चा का विषय रही है शांति समिति की बैठक में नगर के प्रबुद्ध नागरिक मिडियाकर्मी भी मौजूद थे।



**एक नजर** | हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंजा नलवा, जगह-जगह किया कावड़ियों का स्वागत

## शिव भक्तों के उत्साह के साथ निकाला भोलेनाथ का चल समारोह

**महेश्वर।** सावन माह के अंतिम सोमवार को महेश्वर महादेव का डोला उत्साह और श्रद्धालुओ की अपार आस्था के साथ धूमधाम से निकला।? महादेव का चल समारोह भवानी माता बस स्टैंड से शाम 4-00 बजे प्रारंभ होकर नगर के जय चौराहा, एमजी रोड, गांधी चौक पहुंचा। इस दौरान नगर के हजारों शिव भक्तों ने महादेव काशी विश्वनाथ , भगवान श्रीकालेश्वर और भगवान श्रीराज राजेश्वर के दर्शन करते हुए पुण्य लाभ लिया। चल समारोह के दौरान बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन ,इंदौर ,महाराष्ट्र के अन्य कई शहरों के ढोल ताशे, भजन मंडलीय, आदिवासी लोक नृत्य कला दल, डमरू भजन भक्त मंडली, पहलवान अपने करतब दिखा रहे थे।

वही शिव भक्तों ने महादेव के रथ पर पुष्प वर्षा करते हुए अपनी अपार श्रद्धा व्यक्त की। भगवान काशी विश्वनाथ के इस समारोह में आम से लेकर खास तथा हिंदू से लेकर मुस्लिम तक हजारों की संख्या में शिव भक्त शामिल हुए जिन्होंने अपने आस्था के अनुसार भगवान की पूजा अर्चना करते हुए सुख समृद्धि की कामना की ।

**आकर्षण का प्रमुख केंद्र ये थे-**

जुलूस के दौरान आकर्षण का प्रमुख केंद्र हरियाणा की भूत-भावन शिव मंडली थी जिन्होंने भगवान शिव के तांडव नृत्य के दृश्य प्रस्तुत करते हुए शिव भक्तों का मनोरंजन किया।

आदिवासी कला दल का लोक नृत्य भी आकर्षक का प्रमुख केंद्र रहा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव द्वारा भगवान कालेश्वर तथा श्री काशी विश्वनाथ महादेव को दो अलग-अलग एक-एक क्विंटल के त्रिशूल भेंट भी यात्रा के प्रमुख आकर्षण रहे। भालू का श्वाग धारण किए भालू तथा तलवार चलती हुई अखाड़े की लड़कियां भी आकर्षण का केंद्र रही।



## खंडवा


## एक नजर में

### मोतियाबिंद के 19 मरीजों को भेजा इंदौर



**खंडवा.** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छैगांवमाखन में निशुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 46 लोगो की आंखों की जांच की गई। इनमें से 19 मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए शंकरा आई केयर सेंटर इंदौर भेजा गया है। जहाँ उनका निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण कर रहने, खाने पीने व दवाईयों की निशुल्क व्यवस्था होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओ.पी.जुगतावत ने बताया कि शिविर मे आये सभी मरीजों को अपनी आखों की देखभाल कैसे की जाये इस संबंध में समझाइश दी गयी।

### साक्षरता और जागरूकता शिविर आयोजित




**खंडवा।** डी ई जी इंस्टीट्यूट में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सुयश परनाम भी उपस्थित हुए। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पॉक्सो अधिनियम, यातायात अधिनियम एवं सूचना का अधिकार अधिनियम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विधिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने तथा कानून के पालन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलावर सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जा रही नि:शुल्क विधिक सहायता एवं विभिन्न विधिक सेवाओं के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी । शिविर में इंस्टीट्यूट के संचालक राजीव मीणा, मनीष पाटिल एवं अन्य शिक्षक और विद्यार्थीगण के अलावा पैरा लीगल वॉलंटियर अनीता यादव एवं सुश्री नेहा यादव भी उपस्थित थीं।

## भाजपाइयों के कांग्रेस में जाने के दावे पर भाजपा का पलटवार

**खंडवा।** बरूड़ मंडल में 25 भाजपा कार्यकर्ताओं के कांग्रेस में शामिल होने के दावे को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। कांग्रेस ने 22 अगस्त को 25 लोगों के भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता लेने का दावा किया था। अब भाजपा ने इस दावे पर सवाल उठाते हुए कहा है कि पहले इन लोगों की भाजपा सदस्यता, पद और इस्तीफे का प्रमाण सार्वजनिक किया जाए।

भाजपा मंडल अध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान ने कहा कि कोई सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में नहीं गया है और संगठन के जनाधार में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। उनका आरोप है कि कांग्रेस से जुड़े लोगों को भाजपा छोड़ने वाला बताकर प्रचारित किया गया। कांग्रेस की सूची में चंदन यादव, लक्की राठौर, कमलेश मीणा, चेतन राठौर, कृष्णा मीणा, रूपेश राठौर, गोलू राठौर, कांतिलाल राठौर, रामचंद कुमरावत, दिलीप पटेल, दिनेश रावत, रमेश मीणा, नारायण नामदेव, गजानंद पटेल, जीवन पटेल, दुर्गेश, धर्मेंद्र, गोटिया कुमरावत, सोनू रघुवंशी, करण पटेल, मोहन वारिया, मंशाराम पटेल, शिवलाल पटेल और भैयालाल यादव सहित अन्य के नाम शामिल बताए गए हैं।

भाजपा का सवाल है कि यदि ये लोग सक्रिय कार्यकर्ता थे तो इनमें कितने अधिकृत सदस्य थे, किसके पास संगठनात्मक पद था और किसने भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दिया। जयपाल सिंह चौहान ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पर आरोप लगाया कि कांग्रेस से जुड़े लोगों को एकत्र कर उन्हें माला पहनाई गई और बाद में इसे भाजपा के 25 कार्यकर्ताओं के कांग्रेस में जाने के रूप में प्रचारित किया गया।भाजपा का दावा है कि सूची में शामिल कई लोग पहले से कांग्रेस से जुड़े रहे हैं या कांग्रेस नेताओं से जुड़े प्रतिष्ठानों में काम करते हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और कांग्रेस की ओर से इस पर आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आना बाकी है।



## नंदविहार की कावड़ यात्रा में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**नवभारत न्यूज**
**खंडवा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर रविवार को नंदविहार कॉलोनी में आस्था और भक्ति का नजारा देखने को मिला। नंदविहार समिति के तत्वावधान में निकली कावड़ यात्रा में 50 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि ब्रह्मगिरि महाराज के पवित्र स्थल से शुरू हुई यात्रा नंदविहार कॉलोनी स्थित नंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां कावड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

नंदविहार समिति के अध्यक्ष पवन मेहता ने बताया कि समिति द्वारा लगातार चौथे वर्ष कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस बार भी बड़ी संख्या में रहवासियों और श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की। कावड़िए हाथों में कावड़ लेकर पैदल नंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। पूरे रास्ते 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति देखते ही बन रही थी। सुनील जैन ने बताया की यात्रा के नंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने के बाद कावड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया।

## शराब बेचने पर टोका तो युवक बोला- विधायक का भांजा हूं...

**नवभारत न्यूज**
**खंडवा।** खंडवा के पिपलोद थाना क्षेत्र के ग्राम खिड़गांव में शराबबंदी की मुहिम के दौरान राजनीतिक धौंस दिखाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि गांव में डायरी सिस्टम के जरिए शराब बेच रहे एक युवक ने खुद को विधायक कंचन तनवे का भांजा बताया और शराब बिक्री बंद करने की समझाइश देने पर कहा कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। दरअसल, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता गांव में शराबबंदी को लेकर लोगों को जागरूक करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने सदानंद नाम के युवक को डायरी पर शराब बेचते हुए बताया कि इस तरह शराब बेचना अवैध है। उन्होंने पुलिस में शिकायत करने और कार्रवाई की चेतावनी देते हुए शराब बिक्री बंद करने की समझाइश दी, ताकि गांव में नशे का कारोबार रोका जा सके। आरोप है कि समझाइश के बजाय युवक ने राजनीतिक पहुंच का हवाला देते हुए तेवर दिखाए। उसने कहा कि वह कोई मामूली आदमी नहीं है। विधायक कंचन तनवे और उनके पति मुकेश तनवे उसके मामा-मामी हैं।

**एक नजर में** | अग्रवाल नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर हुई पुष्प वर्षा

## फूलों से सजी पालकी में भक्तों को दर्शन देने निकले मनकामेश्वर महादेव

**इंदौर.** नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर से रविवार सुबह मनकामेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी बैंड-बाजों की धुन पर थिरकते भक्तों और भूत, प्रेत, पिशाच, चुड़ैल के स्वरूप में उछलते-कूदते भक्तों सहित निकाली गई. एक सुसज्जित पालकी में विराजित भगवान मनकामेश्वर भोलेनाथ के दर्शन और पूजन के लिए पूरे मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर पालकी का पूजन भी किया गया और भक्तों के लिए स्वल्पाहार, फलाहार, शीतलपेय आदि की व्यवस्था भी की गई.

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं संयोजक बी.के. गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस शाही सवारी में शामिल हुए। विधायक गोलू शुक्ला के आतिथ्य में मंदिर पर पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई यात्रा परंपरागत वाद्य यंत्रों की सुर और स्वर लहरियों को बिखेरते हुए अग्रसेन प्रतिमा, अग्रवाल नगर, जानकी नगर, मनीष बाग, नवलखा काम्प्लेक्स होते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंची. सैकड़ों भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर नाचते-गाते हुए सवारी और मनकामेश्वर महादेव का स्वागत किया. मंदिर पहुंचने पर हुई आरती में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय एवं मंदिर से जुड़े भक्तों ने भागीदारी दर्ज कराई. भजन गायक हरिकिशन साबू भोपूंजी और उनकी टीम ने पूरे यात्रा मार्ग में अपने भजनों से भक्तिभाव का ऐसा रस बरसाया कि हर कोई थिरक उठा। तोप से फूलों की वर्षा और उज्जैन के महाकालेश्वर से जुड़े भक्तों का रथ भी इस यात्रा में आकर्षण के केन्द्र बने रहे. मंदिर के भक्तों की ओर से सुभाष बजरंग, पार्षद मृदुल अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, परमानंद वालेचा, विजय लाला, वरूण हरि मंगल, मनीष गर्ग, सुशील प्रजापत, हेमंत सेठानी एवं अनेक गणमान्य भक्तों ने पूरे मार्ग में व्यवस्थाएं संभाली.

